हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025



# पुरानी रंजिश को लेकर चाकूबाजी, युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बढ़ते अपराध के बीच एक और चाकूबाजी की घटना सामने आई है। शहर के प्यारेलाल चौक में पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन आरोपियों ने एक 25 वर्षीय युवक को चाकू से गोद दिया। युवक पर भारी पत्थर से भी वार किया गया था। गंभीर अवस्था में युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इधर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शांतिनगर रहवासी 25 वर्षीय महफूज शेख अपनी दो पहिया वाहन से प्यारेलाल चौक की तरफ जा रहा था। इसी दौरान दो वाहनों में बैठकर छह लोग पीछे से पहुंचे और उस पर पहले पत्थर से वार किया। जिसके बाद वाहन रूकने पर आरोपियों में से एक ने उस पर चाकू से वार करना शुरू कर दिया।। हमले में युवक के पीठ पर चोंट आई है। तीन से चार वार किए गए। जिसके चलते मौके पर ही युवक का काफी खून भी बहा।

घटना के बाद आरोपी युवक भाग निकले। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल तक पहुंचाया। घटनास्थल में मौजूद एक युवक ने बताया कि जब विवाद शुरू हुआ तो वह बीच-बचाव करने भी गया, लेकिन आरोपियों के पास चाकू देखकर वह पीछे हट गया। आरोपियों ने उसे भी धमकाया था।



## शहर में लगातार हो रही चाकूबाजी, पुलिस फेल

शहर में चाकूबाजी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। हालात यह है कि छोटी उम्र के युवक नशे की हालत में चाकूबाजी कर रहे हैं। पुलिस का खौफ शहर में देखने को नहीं मिल रहा है। इस मामले में भी मौके पर मौजूद लोगों द्वारा आरोपी कम उम्र के होना बताया गया। शहर में नशीली दवाए और गोली इन घटनाओं के पीछे सबसे अहम कारण माना जा रहा है।

## खंगाल रहे सीसीटीवी फुटेज

बताया गया कि घटना स्थन के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों से भी पुलिस ने आरोपियों के हुलिए की जानकारी ली है। जिसके आधार पर संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेने की तैयारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शंकरपुर इलाके के रहने वाले थे।

## स्थल को लेकर आपस में बहस

चाकूबाजी की घटना के बाद मौके पर सबसे पहले लालबाग पुलिस के कर्मचारी पहुंच गए थे, लेकिन घटनास्थल देखने के बाद थाना सीमा को लेकर पुलिसकर्मियों के बीच जुबानी बहस चलती रही। बताया गया कि कोतवाली थाना घटनास्थल को बसंतपुर थाना सीमा क्षेत्र बता रहा था। जबकि बसंतपुर थाना के मुताबिक वह स्थल कोतवाली के अंतर्गत आता है। हालांकि आला अफसरों के कहने बाद मामले की एफआईआर बसंतपुर थाना में दर्ज कर ली गई है।

राजनांदगांव-चंद्रपुर स्टेट हाईवे के कौडीकसा पर घंटों बाधित रहा यातायात

# खाद नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों ने किया चक्काजाम

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के कौड़ीकसा सोसायटी में खाद की किल्लत से परेशान किसानों का सब्र आज टूट गया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसान सड़क पर उतर आए और राजनांदगांव-चंद्रपुर स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। किसानों का कहना है कि जब तक उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलेगा, तब तक वे सड़क से नहीं हटेंगे। किसानों ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप

⏩ शेष पेज 12 पर



## युवक के गुम सामान को पुलिस ने सुरक्षित लौटाया

**राजनांदगांव।** मंदिर में दर्शन कर अपने घर वापस जा रहे युवक का मोबाइल व अन्य सामान गुम गया था। जिसकी सूचना पुलिस को देने पर पुलिस ने गुम सामान को खोजकर प्रार्थी को सौंपा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 3 जुलाई को एक युवक रिषभ श्याम कंवर निवासी केशर नगर द्वारा भावुक होकर सायबर सेल पहुंचकर आप बीती बताई कि वह मां पताल भैरवी मंदिर दर्शन कर अपने घर केशर नगर जा रहा था। रास्ते पर उसका बैग कहीं गिर गया, जिस पर सायबर सेल (सीसीटीवी) अभिषेक साहू द्वारा शहर में लगे महराणा प्रताप चौक सीसीटीवी कैमरे को चेक किया। जिसमें एक महिला बैग को उठाते हुए दिखाई दी। उस महिला की पता तलाश कर महिला के पास से गुम बैग को सही सलामत बरामद कर उक्त युवक को सुपुर्द किया गया, जिस पर युवक द्वारा सायबर सेल टीम को साधुवाद दिया गया।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडॉन्टिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
• डिजिटल एक्स-रे • एडवांस डेंटल ऑपरेशन थिएटर
• डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट • फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लेप्रौस्कोपिक सर्जन
डॉ. कार्तिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)
दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
पित्त की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
दूरबीन द्वारा मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
हाइड्रोसील का ऑपरेशन
हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

ASHISH ANNEX
MEN'S | WOMEN'S | KID'S
SPECIAL Offers
Limited Time
RARE RABBIT UPTO 50%
JACK& JONES FLAT 40%
MUFTI FLAT 40%
LEVI'S BUY 2 GET 2
KILLER FLAT 50%
spykar FLAT 50%
BLACKBERRYS BUY 2 GET 2
ARROW BUY 1 GET 1
GINI & JONY FLAT 50%
JACK&JONES JUNIOR FLAT 40%
U.S. POLO ASSN. FLAT 50%
Being Human FLAT 50%
madame FLAT 30%
DEAL FLAT 50%
JOCKEY FLAT 10%
SWEET DREAMS FLAT 30%
KURTI BUY 2 GET 50%
SAREE FLAT 50%
KIDS BOYS AND GIRLS - UPTO 50%
ADDRESS - KAMPTEE LINE, RAJNANDGAON - MO. 9685122033

श्री शिवम, सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फैमिली फैशन स्टोर, पिछले कई वर्षों से फैशन और विश्वास का दूसरा नाम बन चुका है। 7 शहरों में मौजूदगी और हर उम्र व ज़रूरत को समझने वाली कलेक्शन – जैसे कि साड़ी, कुर्ती, रेडीमेड सूट्स, लहंगा और भी अन्य फैशन की वैरायटी – के साथ, हमने अपने ग्राहकों से एक मजबूत रिश्ता बनाया है। हमारा हर स्टोर सिर्फ कपड़ों की दुकान नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद फैशन डेस्टिनेशन है – जहाँ हर कदम पर साथ है स्टाइल और साथ है आपका भरोसा।

अब इस रिश्ते को और खास बनाने के लिए हम लेकर आए हैं साल की सबसे बड़ी " TOD PHOD SALE "! देश के टॉप ब्रांड्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स – Buy 1 Get 1 Free, Buy 2 Get 2 Free, और Upto 50% Off तक की छूट, सब एक ही छत के नीचे. चाहे हो Men's Wear, Women's Wear या Kids Wear – अब हर फैशन की ज़रूरत होगी पूरे स्टाइल और बड़ी बचत के साथ पूरी, सिर्फ श्री शिवम पर.

SHREE SHIVAM
तोड़ फोड़ सेल
BUY 1 GET 1 · 20% OFF · 50% OFF · 40% OFF · BUY 2 GET 2 · 30% OFF
UNLIMITED OFFER LIMITED TIME
LIVE NOW
BUY 1 GET 1 FREE * BUY 2 GET 2 FREE * UPTO 50% OFF * AND MANY MORE OFFERS
KIDS WEAR • LADIES WEAR • SAREE • KURTI • LEHENGA • EVENING GOWN & READYMADE SUITS
OFFER ON SELECTED ARTICLES
PARTICIPATING BRANDS
IZOD · WHITE HANGER · spykar · GUESS · KAZO · MUFTI · RAREISM · puma · VERO MODA · LINEN CLUB
KILLER · PONTIAC · ROOKIES · ColorPlus · parx · PARK AVENUE · SELECTED · LA MARTINA · Pepe Jeans · GINI & JONY · MINI KLUB
CRIMSOUNE CLUB · JACK & JONES · RARE RABBIT · GAS · ARROW · UNITED COLORS OF BENETTON. · FLYING MACHINE · BLACKBERRYS
*T&C Apply
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
• Raipur: Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri
• Durg: Santra Badi, Station Road
• Bilaspur: Agrasen Chowk, Link Road
NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA
Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555
Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री से मिले सरपंच संघ अध्यक्ष



**सड़क अतरिया।** ब्लाक सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के सरपंच प्रकाश जंघेल ने बीते दिवस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं को दूर कर विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग किया। ब्लाक के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थल के विकास पर चर्चा किया।

### जन जागरुकता अभियान प्रारंभ

**अंबागढ़ चौकी।** नगर में सफाई अपनाएं- बीमारी भगाएं अभियान शुरू हो गया है। निकाय क्षेत्र में इस माह सफाई को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता मित्रों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने स्वच्छता कर्मियों से आहवन किया कि वह इस मुहिम में बच्चों तथा महिलाओं को भी शामिल करें। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा, पार्षद ईश्वरी ध्रुवे, मुरारी श्रीवास्तव, सीएमओ विजय पांडेय, तिलक यादव, जलील अहमद रब्बानी, मो. सोफू जिलानी, रामकुमार देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने महानदिया का किया सम्मान

**अंबागढ़ चौकी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंबागढ चौकी उपखंण्ड में हैडपंप तकनीषियन के पद पर कार्यरत राजकुमार महानदिया 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए। एक जुलाई को कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सेवानिवृत्त श्री महानदिया को उत्कृष्ट कार्य के लिए शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट का सम्मानित किया। करीब तीन दशक से पीएचई सब डिविजन में कार्यरत श्री महानदिया की पहचान कर्मचारी नेता के रूप में रही है। वह तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे है। बिदाई समारोह में कार्यपालन अभियंता महेश साहू, जसवंत साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### गुरू पूर्णिमा महोत्सव 10 को

**अर्जुनी।** ग्राम जंगलपुर में आगामी 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव का तीसरी बार आयोजन रखा गया है। गुरू पूजन, दीक्षा समारोह, भजन संगीतमय प्रवचन में कथावाचक राजू शर्मा कोलियारा वाले शामिल होंगे। कार्यक्रम में बीमार, असाध्य रोगी एवं शराब छुड़ाने की दवाई दी जाएगी।

### जिपं सदस्य को बताई समस्याएं



**सड़क अतरिया।** ग्राम शाखा के ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य से मुलाकात कर गांव की समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के शुरूवाती दिनों में ही सड़कों की स्थिति दयनीय हो गई है। सभी गलियां कीचड़ से लथपथ है। सीसी रोड निर्माण हेतु कई बार जनप्रतिनिधि एवं विभाग को आवेदन दिया गया किन्तु अब तक किसी ने सुध नहीं लिया है। सड़कों की ऐसी दशा को देख कर गाँव के युवाओं ने जिला पंचायत सदस्य ललित चोपडा से भेंट कर स्थिति से अवगत कराया तथा निर्माण की मांग किया। श्री चोपडा ने ग्रामीणों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### कटेमा में चिकित्सा शिविर का आयोजन



**डोंगरगढ़।** कटेमा गत 2 जुलाई को भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर कमाडेंट तेजभान सिंह के मार्गदर्शन में डॉ. अनुराधा धावलीकर, मुख्य चिकित्सक डॉ. विवेक विसेन और राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर में मलेरिया, रक्त शर्करा, नेत्र परीक्षण, गर्भवती महिलाओं और बच्चों की जांच की गई । डॉ. अनुराधा धावलीकर ने जांच कर आवश्यक उपचार किया।

### अंजलि को मिली महिला मोर्चा की कमान



**गंडई पंडरिया।** मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भाजपा नेत्री अंजलि देवांगन को महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस ण नियुक्ति से भाजपा नेत्रियों और महिला कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। सभी ने इस फैसले का स्वागत किया है। नियुक्ति की जानकारी मिलने के बाद महिलाओं ने श्रीमती देवांगन को बुके भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर मौजूद महिला कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि श्रीमती देवांगन के नेतृत्व और मार्गदर्शन में महिलाओं की भागीदारी और प्रभावी होगी। इस मौके पर उमा चौबे, मनीषा चतुर्वेदी, सोनिया दुबे, रुक्मणी साहू, अंजलि कुंभकार, मैना सहित अन्य महिलाएँ मौजूद थी। श्रीमती देवांगन ने संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प दोहराया है।

### पानी निकासी के लिए किया जाएगा पुलिया निर्माण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव वार्ड की समस्या से अवगत होने वार्डवासियों से भेट-मुलाकात करने वार्डो में जाने की कड़ी में शुक्रवार सुबह वार्ड नं. 26 पहुंचकर वार्ड पार्षद झामित सेन, पार्षद प्रतिनिधि नादान सेन के साथ वार्ड भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्या से अवगत होकर निर्माण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किया। महापौर यादव महामाया मंदिर के पास एवं यादवपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा के लिए बहुत जल्द सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार रामाधीन मार्ग में पुलिया निर्माण के लिए स्थल देख कहा कि सुचारू पानी निकासी के लिए पुलिया निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जल्द प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने पुराना बस स्टैंड निरीक्षण कर बस स्टैंड में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों से साफ-सफाई रखने, कचरा निगम के कचरा गाडी में डालने समझाईश दी।उन्होंने वार्डवासियों से कहा कि वार्ड में विकास कार्य के लिए पार्षद से प्रस्ताव मंगाया गया है, प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे। भरकापारा स्कूल में महापौर यादव वार्ड पार्षद एवं वार्ड के सुरेश खंडेलवाल, री राजू बाफना, राहुल अग्रवाल, मनोज बनाफर, रघु शर्मा, योगेश खत्री के साथ वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करना नितांत आवश्यक है। वृक्षारोपण के साथ-साथ उसकी सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है, क्योंकि सुरक्षित पौधे ही पेड़ का रूप लेंगे, इसके लिए हम सबको जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अपने घर व आसपास खुले स्थानों पर पौधरोपण कर उसकी रक्षा करें और पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बने।

---

#### एसडीएम कोर्ट ने जारी किया आदेश, अब गरमाएगा चुनाव

# ट्रस्ट मंडल ने किया बाहर, कोर्ट ने किया सदस्यों की सदस्यता बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय ने भैया जी पैनल के दो सदस्यों की सदस्यता को यथावत रखने का आदेश पारित किया है। ट्रस्ट समिति ने बैठक कर सर्वसम्मति से दो सदस्यों की सदस्यता समाप्त कर दिया था। ट्रस्ट के निर्णय के खिलाफ राजस्व न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया गया था। दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद अनुविभागीय अधिकारी ने सदस्यता यथावत रखने का आदेश पारित किया।

उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट पर काबिज पेनल ने सामान्य सभा की बैठक में पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल और मंत्री नवनीत तिवारी की सदस्यता रद्द करने का प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव को अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय में चुनौती दी गई थी। अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक तिवारी ने अपने फैसले में पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल और पूर्व मंत्री नवनीत तिवारी की सदस्यता को बहाल कर दिया है। इस फैसले के बाद विपक्षी खेमे में हर्ष का माहौल है।

**पुलिस की मौजूदगी में आदेश जमा**

जानकारी के अनुसार मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पहले आए फैसले की प्रति पुलिस प्रषासन की मौजूदगी में ट्रस्ट समिति में जमा किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा है कि ट्रस्ट के नियमानुसार समान्य सभा की बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर नारायण अग्रवाल एवं नवनित तिवारी की सदस्यता समाप्त किया गया था। फैसला आने के बाद इस मामले के शांत होने की संभावना कम है। कहा जा रहा है कि इस फैसले को आगे चुनौती दी जा सकती है।

**गहमा-गहमी तेज**

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव को लेकर दिनों दिन गहमा गहमी तेज होते जा रही है। सरगर्मी के बीच राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव की भी चर्चा है। शहर में चर्चा है कि ट्रस्ट में रिसिवर बैठाने के लिए अंदरूनी दबाव है।

**फैसले से विपक्ष खुश**

विपक्षियों ने पक्ष में आए फैसले को पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में ट्रस्ट मंडल में जमा करा कर दिया गया है। इस फैसले को विपक्ष अपनी जीत बता रहा है। उल्लेखनीय है कि 4 जुलाई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन करने के साथ निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति कर दिया गया। आगामी 20 जुलाई के मतदान होगा। जानकारी के अनुसार बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने फैसले के आधार पर दोनो सदस्यों का नाम जोड दिया है।

---

## सट्टा पट्टी लिखते एक आरोपी गिरफ्तार
## 2310 रुपए जब्त

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने वार्ड 12 टिकरीपारा निवासी एक व्यक्ति को सट्टा पट्टी लिखते गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 2310 रुपए नकद, 3 नग सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। प्रधान आरक्षक सुंदरू राम चंद्रवंशी को मुखबिर से सूचना मिली कि टिकरीपारा में एक व्यक्ति सट्टा पट्टी का खेल चला रहा है।

सूचना की तस्दीक के लिए प्रधान आरक्षक चंद्रवंशी स्टाफ सियाराम धुर्वे, शशांक तिवारी, भूपेंद्र कौशिक, अनिल यादव और महिला आरक्षक शिखा निर्मलकर के साथ मौके पर पहुंचे और बताए स्थान पर दबिश दी। आरोपी की पहचान इंद्रेश चौबे पिता स्व भुवनेश्वर चौबे निवासी वार्ड 12 के रूप में पहचान हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 2310 रुपए नकद, 3 नग सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन और एक रेडमी कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी इंद्रेश चौबे ने बताया कि वह लोगों से सट्टा पट्टी के लिए रकम लेता था।सट्टा पट्टी को खैरागढ़ के प्रिया होटल के देवेंद्र नागदेवे उर्फ गुड्डा को मोबाइल के माध्यम से देता था। कल्याण सट्टा पट्टी का अंक फंसने पर वह पैसे का लेनदेन करता था। आरोपी के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

---

## एमएससी रसायन शास्त्र की कक्षा शुरू करने की मांग




**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में स्नातकोत्तर में रसायन शास्त्र की कक्षा प्रारँभ करने की मांग पालकों, छात्रों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। वर्तमान में स्नातकोत्तर स्तर पर केवल हिंदी और राजनीति शास्त्र की कक्षाएँ हैं, जिससे विज्ञान के छात्रों को बीएससी के बाद अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है या मजबूरन कला के विषय लेकर पढ़ाई करना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग को रसायन शास्त्र की 25 सीटों की कक्षा शुरू करने की अनुमति के लिए प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति मिलती है, तो इसी सत्र से विद्यार्थियों को यहीं अध्ययन की सुविधा मिल जाएगी। प्राचार्य डॉ कुर्रे ने बताया कि 35 साल पुराने महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान की एक भी कक्षा नहीं है, जबकि यहां छात्रों की संख्या काफी अधिक है। छात्रों की मांग जायज है। बता दे कि महाविद्यालय में हर वर्ष 1 हजार से अधिक छात्र-छात्राएँ अध्ययन करते हैं। महाविद्यालय में एमएससी रसायन शास्त्र की कक्षा आरंभ किया जाता है तो आसपास विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा।

## तालाब को सार्वजनिक घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गांव को दान में मिले निस्तारी तालाब पर स्वामित्व का हक जताकर बेचने को कुकुरमुड़ा के ग्रामीण लामबंद हो गए है। शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टर दफ्तर पहुंचे और आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि प्राचीन समय से तालाब को गांव के जौहरी दास ने दान में दिया था। गांव में निस्तारी के लिए यह एक तालाब है। बुजुर्ग बताते हैं कि इसी तालाब से लोग पुराने समय से निस्तार करते आ रहे हैं। वर्तमान में एक व्यक्ति द्वारा एकाधिकार बताकर किसी अन्य को बेचा जा रहा है जिसके विरोध में ग्रामीण लामबंद होकर तालाब को सार्वजनिक घोषित करने की मांग कर रहे हैं। जानकारी अनुसार इस तालाब का खसरा कुकुरमुडा निवासी जौहरी दास के नाम दर्ज था जिसकी कोई संतान नहीं था। अब जमीन का मालिकाना हक पाकर एक व्यक्ति द्वारा जमीन को बेचा जा रहा है जो गांव के हित में नहीं है। बिक्री होने से निस्तारी जल का जरिया समाप्त हो जाएगा।

**लामबंद ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन**



**पंचायत में प्रस्ताव पारित**

तालाब बिक्री की जानकारी मिलने के बाद गुरूवार को कुकुरमुडा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया कि तालाब की जमीन दान में मिली थी जिसकी बिक्री को पंचायत वैध नहीं मानेगी। मौके पर सरपंच संतोष यदु, पूर्व सरपंच राजकुमार साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण महिला पुरूष जिला कार्यालय पहुंचे थे।

---

## पांच हेक्टेयर भूमि में पौधारोपण




**खुज्जी।** वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए वन परिक्षेत्र खुज्जी अंतर्गत बिगड़े वनों के सुधार कार्यक्रम के तहत 3 जुलाई को वृहद पौधरोपण आयोजन किया गया। वन विभाग के कक्ष क्रमांक 707 बड़भूम में 5 हेक्टेयर भूमि पर 300 से अधिक पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में सागौन, कचनार, हर्रा, बहेड़ा, सिंदूरी और नीम जैसे बहुपयोगी पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, पद्मश्री फूलबासन यादव, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, उपाध्यक्ष मनीष साहू, गेंदाबाई साहू, कैलाश शर्मा, सरपंच बिसेन अलेंद्र , पूर्णानंद वर्मा, हेमंत साहू, सुंदरलाल साहू, जितेंद्र कुमार साहू, डीएफओ आयुष जैन, उप मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, पुष्पेंद्र साहू, सीएस भंडारी,मुक्तेश्वर वर्मा, कौशल राजपूत, घनश्याम चंद्राकर, शकुंतला वैष्णव, आदि मौजूद थे।

## गंडई में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- स्वच्छता को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक



भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार शुरू किए गए सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान को नगर पंचायत गंडई क्षेत्र में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

गत 1 जुलाई को शुरू हुए अभियान के तहत आगामी 31 जुलाई तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियां संचालित किया जाएगा। अभियान की शुरुआत गत 1 जुलाई को जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। पहले दिन टीम स्कूलों में गई, जहाँ स्वच्छ हाथ स्वच्छ घर के तहत बच्चों को हाथ धोने और घर को साफ रखने का महत्व बताया गया। अभियान के दूसरे चरण में 3 जुलाई को स्वच्छ पड़ोस के तहत निकाय ने गली-मोहल्लों और व्यापारिक क्षेत्रों में डंप किए कचरे की सफाई की। व्यापारियों और नगरवासियों से अपील की गई कि वह कचरे को यहाँ-वहाँ न फेंकें, बल्कि उसे डस्टबिन या पॉलीथिन में भरकर रखे और कचरा संग्रहण केंद्र की गाड़ियों के आने पर दें। इस दौरान सीएमओ अविनाश देवांगन, अभियंता लोकेश शर्मा, हुलासराम साहू, मोहम्मद इश्हाक खान, निकाय कर्मचारी, स्वच्छता दीदियाँ और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लैब टेक्नीशियन को विदाई



**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई के लैब टेक्नीशियन डामन लाल साहू के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने श्री साहू को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। समारोह में डॉ एनएस वर्मा ने श्री साहू की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक कर्मठ और समय के पाबंद कर्मचारी थे। क्रीड़ाधिकारी अनीता पौषार्य ने अभिनंदन पत्र का वाचन करते हुए श्री साहू की सेवा यात्रा को रेखांकित किया। प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने श्री साहू को सरल, सहज और कर्तव्य परायण कर्मचारी बताया। पत्नी हिरौंधी साहू के साथ कार्यक्रम में उपस्थित श्री साहू ने कहा कि उन्होंने 34 वर्षों की सेवा के दौरान अधिकारियों द्वारा सौंपे गए कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने और महाविद्यालय के विकास में सर्वोत्तम योगदान देने का प्रयास किया। उक्त अवसर पर प्रो टीएल वर्मा, प्रो जी कौशिक, प्रो प्रदीप अमिला, प्रो बीआर वर्मा, आलेंद्र, प्रवीण वर्मा, शिवकुमारी, भूषण,राजकुमार सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने श्री साहू के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

**आवश्यकता है**

डोंगरगढ़ शहर, अछोली, नागतराई, इंदिरा नगर क्षेत्र में 'हरिभूमि' समाचार पत्र वितरण हेतु लड़कों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं जरुरतमंद तुरंत संपर्क करें।

संपर्क : प्रकाश अग्रवाल, अनुभव न्यूज एजेंसी
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, मो. 9300963883

---

#### लगातार हो रहा प्रवेशोत्सव

## बच्चों का स्वागत कर पुस्तकों और गणवेश का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टाटेकसा के तत्वावधान में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया गया ।मुख्य अतिथि भाजपा के जिला संयोजक क्रिस्टोफर पन्ना थे। उन्होंने बच्चों का स्वागत कर मिठाई से मुंह मीठा कराया। पुस्तक प्रदान किया गया।

प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा किया। प्राचार्य जीआर नेताम ने स्वागत भाषण में बताया कि कक्षा दसवीं में हाईस्कूल ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया इसी प्रकार 12 वी का परिणाम प्रदेश में पांचवा स्थान था। उन्होंने इसे और बेहतर करने पर जोर दिया। माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक यूके वर्मा ने बताया कि शाला के नूतन कुमार और गोविंद कुमार का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। व्याख्याता किरण साहू ने भी अपनी बात रखा। इस दौरान मेधावी हेमलता पटेल, नूतन कुमार, गोविंद कुमार का सम्मान किया गया। शाला की रेणुका, मोनिका, संध्या आदि ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। अंत में भार प्रदर्शन शेख नाजनी ने किया। इस दौरान आरबी सलामे, शिशुपालसिंह, रोशनी कोटांगले, मनोज वर्मा, वाणी विलास देवांगन, धारिका साहू, श्री आचला, मोहन पटेल, गणितराम यादव, अशोक नांदेश्वर, कैलाश साकरे, बंशीलाल यादव, सियाराम, नरेंद्र कोटपारिया, त्रिशूला बाई, प्रतिमा उमरे, जमुनाबाई, देवकुंवर आदि मौजूद थे।

**समक्षः-न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, डोंगरगढ जिला-राजनांदगांव छ.ग**

**ज्ञापन**

व्य. प्र.क 45अ/2024 पेशी तिथि 10/07/2025
प्रोसेस नम्बर 269/25

श्रीमती धनमत साहू आवेदक/वादी
//विरूद्ध//
धनाजीत साहू वगैरह अनावेदक/प्रतिवादी

बनाम-श्रीमती अश्विनी साहू पति लीलाधर साहू आ. मंगलू राम साहू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पिनकापार तह. डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छग)

आवेदिका के द्वारा धनाजीत साहू वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में व्यवहार वाद प्रकरण ग्राम कोल्हिपुरी प.ह.न. 19 रा.नि.म. लाल बहादुर नगर जिला- राजनांदगांव स्थित कृषि भूमि खसरा नं. कमशः 499/1, 807/3, 866/1.957/1 के उद्घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा एवं बंटवारा हेतु पेश किया गया है।

अतः आपत्ति ईस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि आप, न्यायालय में पेशी दिनांक 10/07/2025 को प्रातः 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यो का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजो को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा. यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी। अतः आज तारिख 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

**शैलेश कुमार वशिष्ट**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी**
**डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति
स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

**पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग**
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण



100% CAMPUS PLACEMENT

**रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

TEAM CREATIVE

# यूपीएससी टॉपर्स ने कहा: हमारी सफलता के पीछे असफलता और संघर्ष भी, कोचिंग के लिए दिल्ली जाने की जरुरत नहीं सिर्फ इको सिस्टम बनाना जरूरी

## टॉपर्स को सुनने उमड़े युवा, जाने सफलता के राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, क्षमता एवं संभावनाओं को आकार देने के लिए तथा उनके कैरियर को सही दिशा प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम का अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं युवा शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं को लाभान्वित करने हेतु कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया।

### सोशल मीडिया से बनाए दूरी: आदित्य विक्रम



यूपीएससी सीएसई 2024 में 9वां रैंक प्राप्त करने वाले आदित्य विक्रम ने बताया कि उनका संघर्ष जरा लंबा रहा, लेकिन परिवार का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि उन्हें पांचवें प्रयास में सफलता मिली। परीक्षा की तैयारी के दौरान हताश एवं निराश भी रहा, इसलिए अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान दिया। रूटीन में पढ़ाई में निरंतरता रहे तथा लाइब्रेरी में भी जाकर पढ़ा जा सकता है। मोबाइल का उपयोग कम करें और सोशल मीडिया से दूर रहें।

### दिल्ली जाने की जरुरत नहीं: अभिषेक अग्रवाल



यूपीएससी सीएसई 2024 में 243वां रैंक प्राप्त करने वाले अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि मैं यूपीएससी की तैयारी के लिए नई दिल्ली नहीं जा पाया। अध्ययन के लिए दिल्ली के ट्रैंड के साथ जागरूकता बनाए रखते हुए तथा सेवा में रहते हुए तैयारी की। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप यूपीएससी की तैयारी यहां रहकर भी कर सकते हैं, इसके लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। दिल्ली जैसा इको सिस्टम बना लीजिए। जीवन में पढ़ाई के लिए थोड़ा सा तनाव भी जरूरी है।

### गलतियों को दोहराना नहीं सीखना जरूरी: आकाश



यूपीएससी सीएसई 2024 में 5वां रैंक प्राप्त करने वाले आकाश गर्ग ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बी-टेक में स्नातक किया है। एक जिला प्रशासक की भूमिका एवं जिम्मेदारी को देखते हुए इस पद पर कार्य करने के लिए रूझान बढ़ा। उन्होंने कहा कि मन में ठान लीजिए तो कोई काम मुश्किल नहीं। उन गलतियों को ठीक करते हुए वे बेहतर परिणाम की ओर अग्रसर हुए। उन्होंने कहा कि गलतियों को दोहराना नहीं, बल्कि उसमें सुधार करना और सीखना है।

### तनाव एक अच्छा शिक्षक: सुरूचि



जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि आज यहां जो युवा आए है, वे एक मुकाम हासिल करें और सफलता हासिल करें। यहां आए अभ्यर्थियों ने जीवन में संघर्ष किया है और उनकी जीवन यात्रा में बाधाएं रही। इसके बावजूद उन्होंने सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा चौथे प्रयास में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि तनाव एक अच्छा शिक्षक है और सकारात्मक तरीके से तनाव सफलता के लिए भी अग्रसर करते हैं।

### आत्मविश्वास बनाए रखें : पूर्वा अग्रवाल



यूपीएससी सीएसई 2024 में 65वां रैंक प्राप्त करने वाली एवं छत्तीसगढ़ टॉपर सुश्री पूर्वा अग्रवाल ने बताया कि यूपीएससी की परीक्षा के लिए आत्मविश्वास बनाएं रखें, लेकिन परीक्षा को कम न आंके। इसमें केवल तथ्यों पर ध्यान नहीं दिया जाता, बल्कि विश्लेषण भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी सफलताएं दिखाई देती है, लेकिन कोई भी सफलता हमें एक दिन में प्राप्त नहीं होती। इसके पीछे हमारी असफलताएं भी होती है, जिन्हें लोग नहीं जानते।

### टॉपर्स के विचारों को सुने, समझे और सीखे : कलेक्टर



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि वे स्वयं किसी कार्यक्रम में यूपीएससी के चयनित अभ्यर्थी के प्रेरक उद्बोधन को सुनकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहित हुए थे, इसलिए हमेशा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध हुए। जिससे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बढ़ावा मिले। उन्होंने युवाओं से कहा कि टॉपर्स के विचारों को सुने, समझे और सफलता के लिए सीख कर जाएं।

### सफलता के लिए अनुशासन जरूरी: अंकित धवानी



यूपीएससी सीएसई 2024 में 273वां रैंक प्राप्त करने वाले अंकित धवानी ने बताया कि वे राजिम के निवासी है। उन्होंने कहा कि कभी भी प्रयास करना न छोड़े। अच्छे दोस्त बनाएं और उनसे समस्या के संबंध में चर्चा करें। मोबाइल का उपयोग एसेट की तरह करें और मोबाइल में स्क्रीन टाईम कम करें। उन्होंने कहा कि अनुशासन का अनुकरण करें तथा मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने बताया कि ज्यादातर पढ़ाई छत्तीसगढ़ में रहकर ही की।

## सार समाचार

### शरीयत के दायरे में मनाएं मोहर्रम

**राजनांदगांव।** इस्लामिक शोहदाए कर्बला कमेटी के बैनर तले जिक्र-ए-शोहदाए कर्बला शहर जामा मस्जिद के बाड़े में आयोजित किया जा रहा है।



जामा मस्जिद के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफज़ल अली ने बताया कि शोहदाए कर्बला कमेटी के सदर असद रजा की अध्यक्षता और तमाम उलेमा इकराम की सरपरस्ती में यह आयोजित हो रहा है। जिसका संचालन जेरे निज़ामत हाफिज हाजी सलीम रज़ा तहसीनी सहाब कर रहे हैं। उक्त प्रोग्राम में धर्मगुरू मुफ्ती शेर मोहम्मद बरकाती साहब उत्तरप्रदेश नौ दिनों की तकरीर (प्रवचन) कर रहे हैं। इन 9 दिनों में वह अलग-अलग दिन नूरी मस्जिद कन्हारपुरी, शाहे मदीना मस्जिद शांतिनगर, नूरी मस्जिद गौरीनगर, मोती मस्जिद तुलसीपुर तकरीर पूरी कर पांच दिन की तकरीर का प्रोग्राम जामा मस्जिद में कर रहे हैं ।

**कर्बला में हुई हुसैन की शहादत-** जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने बताया कि मोहर्रम का महीना बहुत ही फजीलत व बरकत वाला महीना है। यह पहला इस्लामिक महीना है। जिसमें नवासए रसूल हजरत इमामे हुसैन करबला में अपनी शहादत दी थी और इस्लाम के परचम को बुलंद किया था। इस्लामिक महीना मोहर्रम की दस तारीख को इस्लाम धर्म की रक्षा करते वह करबला के मैदान में बातिलों (दुश्मनों) से लड़ते अपनी जान कुर्बान कर दी और दुनिया को यह पैगाम दे दिया कि कभी भी बातिल के आगे सर न झुकाना। हुजूरे पाक ने फरमाया कि हजरत इमामे हुसैन और इमाम हसन जन्नती जवानों के सरदार हैं। रईस अहमद शकील ने समाज के लोगों से अपील करते कहा कि शरीयत के दायरे में रहकर मोहर्रम मनाएं।

### नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग को शादी करने का प्रलोभन देकर कुकर्म किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि प्रर्थिया के 12 वर्ष की पुत्री के साथ आरोपी आकाश सोलंकी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जिसके कारण प्रार्थिया की पुत्री 5 माह की गर्भवती हो गई थी। जिसकी तबियत खराब होने पर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में लाकर भर्ती कराया था। डॉक्टर द्वारा बताया गया कि पेट में जो बच्चा है, वह खतम हो गया है। डॉक्टर द्वारा ईलाज कर मृत बच्चे को बाहर निकाला गया। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया अपराध धारा 64(2)(एम) (बीएनएस), धारा 4, 6 पाक्सो एक्ट का घटित करना पाए जाने से अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई-** पुलिस ने इस मामले में आरोपी को 3 जुलाई को उसके घर के पास घेराबंदी कर पकड़कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

### 10 को वृहद पौधारोपण का आयोजन

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में गुरू पूर्णिमा व्यास जयंती पर्व 10 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद वृक्षारापेण का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम के युवा शक्ति सेवा संगठन, सूर्या फाउंडेशन संस्था और ऐतिहासिक सदगुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम समिति के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के तहत विभिन्न प्रकार के वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा। इसमें दुर्गेश साहू, हिरेंद्र साहू, नवीन पडौटी, निरंजनदास साहू, सूर्यकांत साहू, योगदास साहू, परमानन्द साहू, डेहरलाल सिन्हा, लोकेश्वर प्रसाद शुक्ला जैसे अन्य का विशेष योगदान रहता है। उक्त जानकारी हिरेंद्र साहू ने दी है।



## पृष्ठ 9 का शेष

### खाद नहीं मिलने से...

लगाते कहा कि लगातार मांग के बावजूद खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिससे खेती प्रभावित हो रही है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो, अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी अश्वनी राठौर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की।मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। वहीं चक्काजाम के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अब सबकी नजर प्रशासन पर टिकी है कि वह किसानों की इस मांग को किस तरह पूरा करेंगे। तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो ने किसानों से चर्चा की और उन्हें समझाने का प्रयास किया। संबंधित अधिकारी से फोन में बात करने के बाद किसानों को आश्वासन दिया कि खाद की व्यवस्था दो या तीन दिन में हो जाएगी।लगभग दो घंटे चले इस चक्काजाम को तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो की समझाइश के बाद समाप्त किया गया।

## निधन



### हेमलता साहू

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में पदस्थ शिक्षिका हिन्दी व्याख्याता श्रीमती हेमलता साहू का 4 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही सुरगी स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने शाला प्रांगण में 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।



### सरस्वती तिवारी

**डोंगरगढ़।** स्थानीय तिवारी परिवार की वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत्ति शिक्षिका सरस्वती तिवारी पत्नी स्व.ध्रुव प्रकाश तिवारी का शुक्रवार को रायपुर में चिकित्सा के दौरान निधन हो गया। वे जयप्रकाश तिवारी की माता थी। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को प्रातः 11.30 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## फुलझर के उद्योग समूह को नहीं मिलेगा जलाशय का पानी

# अल्टीमेटम के बाद सिंचाई महकमे ने उखाड़ी फैक्ट्री की पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंदावानी और कोपेडीह जलाशय से बिना अनुमति पानी लेने की तैयारी में जुटे न्यू लुक बायो फ्यूल्स उद्योग को झटका लगा है। ग्रामीणों द्वारा पिछले दो माह से किए जा रहे आंदोलन के बाद आखिरकार सिंचाई महकमे ने उद्योग प्रबंधन द्वारा बिछाई गई पाईप लाइन को उखाड़ दिया है। जलाशय में बनाए गए लोहे के स्ट्रचर को भी हटा दिया गया है। कार्रवाई से ग्रामीणों और किसानों ने अब राहत की सांस ली है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम फुलझर में स्थापित न्यू लुक बायो फ्यूल्स कंपनी ने बिना किसी अनुमति के ही इंदावानी और कोपेडीह जलाशय से पानी लेने की साजिश रची थी। ग्रामीण नेताओं को मोटी रकम देकर गुपचुप तरीके से कंपनी ने न केवल तीन किलोमीटर पाईप लाइन बिछा दी, बल्कि इंदावानी जलाशय में एक लोहे के स्ट्रचर का भी निर्माण काम कर लिया गया था। टेडेसर, फुलझर, कोपेडीह, देवादा और मगरलोटा गांव के ग्रामीणों को जब जलाशय से पानी लेने की जानकारी मिली तो उन्होंने इसका विरोध प्रदर्शन शुरू किया। किसानों ने पिछले दिनों प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अल्टीमेटम भी दिया था। प्रशासन को कई बार ज्ञापन देने के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर गुहार लगाई। सूत्रों ने बताया कि विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि इंदावानी जलाशय से उद्योग को पानी नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कलेक्टर को भी निर्देश जारी किए थे। सूत्रों ने बताया कि विस अध्यक्ष के निर्देश पर सिंचाई विभाग के अमले ने आज मौके पर पहुंचकर पाईप लाइन को उखाड़ दिया है। वहीं लोहे के स्ट्रचर को भी जब्त किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान टेडेसरा के ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलाशय से पानी दिया जाता तो उन्हें निस्तारी और खेती-किसानी के लिए भी पानी नहीं मिलता।



### कंपनी को थमाई नोटिस

सिंचाई विभाग के अफसरों का कहना है कि नियम विरूद्ध ढंग से जलाशय में बनाए गए स्ट्रचर को निकाल दिया गया है। जलाशय के भीतर बिछी पाईप लाइन को भी उखाड़ा गया है। विभाग ने कंपनी को पत्र लिखकर स्ट्रचर को ले जाने कहा है। विभाग द्वारा जारी नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि यह चोरी होता है तो इसकी जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी।

### नेताओं की खुली पोल

कंपनी द्वारा बिना किसी अनुमति के ही पाईप लाइन बिछाई गई थी। इस मामले में कंपनी के मैनेजर का एक आडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें मैनेजर ने पाईप लाइन बिछाने के एवज में भाजपा और कांग्रेस नेताओं को मोटी रकम देने का खुलासा किया है। इस मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# नांदगांव विस के 18 गांव को मिला विकास कार्यों का उपहार

## 2 करोड़ 13 लाख रुपए की स्वीकृति

- गांवों में शेड़, सीसी रोड़, नाली व सामुदायिक भवन का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में लगभग 2 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से कुल 60 विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है।

इसमें राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के 18 गांव के लिए 1 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें ग्राम मुड़पार में 10 लाख व रानीतराई एवं भोथीपारखुर्द में 3 लाख की लागत से शेड निर्माण, ग्राम बरगा, इंदामारा व फरहद में 6.5 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम पारीखुर्द एवं जंगलेसर में 7.80 लाख की लागत और ग्राम सुकुलदैहान, बम्हनी, भानपुरी व रीवागहन में 5.20 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण किया जाएगा। वहीं ग्राम जंगलेसर, रीवागहन व रवेली में 5.20 लाख की लागत से निर्मला घाट निर्माण के साथ ग्राम धनगांव व बरगा में 5.91 लाख, ग्राम बॉकल में 3.94 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा।



राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने इन 18 विकास कार्यों की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त करते कहा कि डॉ. रमन ने हमेशा गांवों की जरूरतों को प्राथमिकता दी है। इन विकास कार्यों से गांवों में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और जीवनस्तर ऊंचा होगा। यह हमारे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि यह स्वीकृति भाजपा सरकार की ग्रामोन्मुख नीतियों और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के गांवों को एक नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। यह योजनाएं संरचनात्मक विकास नहीं, ग्रामीणों के जीवन में आशा और विश्वास का संचार है।

# कांजी हाउस में व्यवस्था करें दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड निरीक्षण की कडी में महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह कन्हारपुरी का निरीक्षण कर वार्डवासियों से मुलाकात कर साफ सफाई एवं निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कांजी हाउस का जायजा लेकर मवेशियों के लिए व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह कन्हारपुरी पहुंच वार्डवासियो से रूबरू हो उनके साफ सफाई तथा काम के संबंध में चर्चा की। शंकर भवन चौक में नाली देख पानी निकासी के लिए आगे नाली बनाने स्थल निरीक्षण किया। वहीं वार्ड में स्वीकृत कार्य चालू नहीं होने की शिकायत पर शेड निर्माण के अलावा रोड, नाली निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कराने उप अभियंता अशोक देवांगन को निर्देशित किया।



### नियमित चारा-पानी देने निर्देश

महापौर यादव कन्हारपुरी कांजी हाउस का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था देख प्रभारी रमेश बघेल से मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा-पानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मवेशी पकड़कर कांजी हाउस में रखने के पश्चात उसके देख रेख का विशेष ध्यान रखा जाए, नियमित रूप से चारा-पानी दिया जाए तथा निर्धारित शुल्क लेकर मवेशी छोड़ा जाए। उन्होंने काजी हाउस में आवश्यक व्यवस्था सुदृढ करने कहा।

# अधिकारियों ने किया बाजार का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजनांदगांव

- यातायात व्यवस्था बनाए रखने दिए निर्देश

शहर में सुगम यातायात व्यवस्था एवं उचित बाजार व्यस्थापन हेतु प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग, नगर निगम अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में एएसपी राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम केएल वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, यातायात निरीक्षक नवरतन कश्यप सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, समयपाल चिराग मेश्राम की उपस्थिति में यातायात एवं नगर निगम की टीम द्वारा 4 जुलाई को शहर के गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी, आजाद चौक, गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक में भ्रमण कर बढ़ते यातायात दबाव को दृष्टिगत रखते यातायात व्यवस्था एवं उचित बाजार व्यवस्थापन के लिए दुकानदारों को अपना दुकान का सामान बाहर न निकालने समझाईश दिया गया। साथ ही सभी दुकानदारों को अपने दुकान में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को सफेद पट्टी के अंदर खड़ी कराने समझाईश दिया गया। दुकानों में आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करें। जिससे भविष्य में शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाकर यातायात व्यवस्थित किया जा सके। भविष्य में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर विधिवत कार्रवाई किया जाएगा।



# धुर्वे ने सीएवीए अंडर-19 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारत का नेतृत्व कर दिलाया ब्रॉन्ज मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से की मुलाकात

उभरते अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी महेन्द्र धुर्वे ने 10 से 16 जून 2025 तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित अंडर-19 सीएवीए वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कप्तानी करते शानदार प्रदर्शन किया और टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। महेन्द्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें "बेस्ट अटेकर" के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

महेन्द्र ने अपने खेल करियर की शुरूआत राजनांदगांव के स्टेट स्कूल मैदान परिसर से की थी। बचपन से ही वॉलीबॉल के प्रति रूचि रखने वाले महेन्द्र ने कठिन परिश्रम और समर्पण से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। पूर्व में वे ईरान के बैरीन शहर में आयोजित अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही ऑल इंडिया युनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।



### प्रदर्शन की सराहना

उनकी इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने महेन्द्र से भेंट कर उनके प्रदर्शन की सराहना की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग ने कहा कि महेन्द्र जैसे होनहार खिलाड़ी प्रदेश की खेल प्रतिभा के प्रतीक हैं, जो आने वाले समय में भारत का गौरव और बढ़ाएंगे। उन्होंने महेन्द्र को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने और देश का नाम रौशन करने की प्रेरणा दी।



**निरीक्षण:** कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने भोरमदेव मेला स्थल का किया निरीक्षण

# सावन माह के प्रथम सोमवार को बूढ़ा महादेव से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा

■ डिप्टी सीएम के पहल पर श्रद्धालुओं, कांवड़ियों के लिए भोरमदेव, बूढ़ामहादेव मंदिर सहित सभी मार्गों में नि:शुल्क ठहरने, पेयजल व मेडिकल की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल एवं कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक, पुरात्तव, पर्यटन, जन आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर में सावन महीने में आने वाले श्रद्धालु और पदयात्रा कांवड़ियों के व्यवस्था की तैयारियां जोरो-शोरो से की जा रही है। अमरकंटक से आने वाले कांवड़ियों के लिए भोरमदेव में निःशुल्क ठहरने, स्वास्थ्य, सुरक्षा और भोजन, स्वल्पाहार सहित सभी मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं का विशेष इंतजाम किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने भोरमदेव में श्रद्धालुओं और पदयात्रा की तैयारियों के लिए मंदिर परिसर और मेला स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने भोरमदेव मंदिर परिसर में अधिकारियों की बैठक लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में यहां आने वाले कांवड़ियों, श्रद्धालुओं और पदयात्रा के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस वर्ष सावन मास 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। हर साल सावन माह के प्रथम सोमवार को कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक पद यात्रा होती है। इस वर्ष पवित्र और सावन मास का प्रथम सोमवार 14 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा होगा। पदयात्रा में कबीरधाम जिले के नागरिक, कवर्धा में रहे पूर्व अधिकारी हिस्सा लेंगे।

## प्रत्येक रविवार को नि:शुल्क भंडारे की व्यवस्था



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहल पर भोरमदेव और कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर के पास में वॉटर प्रुफ डोम, नि:शुल्क ठहरने, भोजन, स्वल्पाहार, स्वास्थ्य, सुरक्षा व्यवस्था बनाया जा रहा है। प्रत्येक रविवार को निःशुल्क भंडारे की व्यवस्था श्रद्धालु के लिए की गई है। कवर्धा होते हुए भोरमदेव आने वाले कांवड़ियों के लिए चार स्थानों कृषि उपज मंडी, ट्रासपोर्ट नगर के सामुदायिक भवन, वीर सावरकर भवन और यूथ क्लब में ठहरने, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद राजानांवागांव में अजीविका केन्द्र डोम में लगभग 2000 से अधिक श्रद्धालुओं की ठहरने पेयजल, शौचालय सहित मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग की गाड़ी भी 24 घंटे संचालित होगी। मुख्यमार्ग में पड़ने वाले गांव के पंचायतों में भी ठहरने की व्यवस्था की गई है।

## कांवड़ यात्रा की व्यवस्था सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से की जाएं: कलेक्टर

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहल पर कांवड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखी जाए। उन्होंने बताया कि मार्ग में ठहरने की समुचित व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, मेडिकल टीमों की तैनाती, विद्युत व्यवस्था और विशेष रूप से यातायात प्रबंधन व सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। जिले के अधिकारी स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यों को सावन माह प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा की व्यवस्था सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से की जाए। इसके लिए एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, रेडक्रॉस, नेहरू युवा केंद्र, हरीतिमा, ज्वॉइंड हैंड्स एवं स्वामी विवेकानंद एकेडमी जैसी संस्थाओं से समन्वय कर तथा उन्हें जागरूक कर सेवा कार्यों में स्वप्रेरित रूप से सहभागी बनाया जाएगा।



# जेवडन खुर्द से पिपरिया पहुंच मार्ग गड्ढों में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शासन प्रशासन द्वारा गांवों से शहर व शहर से ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने सड़को की जाल बिछाई गई, लेकिन देखरेख के अभाव में जेवडन खुर्द से पिपरिया पहुंच मार्ग सड़क वर्तमान में अपनी दयनीय स्थिति पर आशु बहा रही है। बताया जाता है कि वर्तमान में सड़क से डामर की परते उखड़ कर जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। जिससे ग्रामीणो व राहगीरों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्राम जेवडन खुर्द से बांझीमौहा, नवागांव, चरडोगरी, झिरना-पिपरिया सड़क का निर्माण कार्य किया गया, लेकिन ठेकेदारो की उदासीनता व अनियमितता का खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणो व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। वर्तमान में बारिश के चलते सड़क में जगह-जगह गड्ढे व जलभराव की स्थिति से आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कते व ग्रामीण तथा राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। जिस पर ग्रामीणो ने शासन-प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांक की गई ताकि ग्रामीण लोगों को आने जाने में बुनियादी सुविधा मिल सके।

## हाई स्कूल कोलेगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, मां शारदे व छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में विधि विधान से पूजन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता डॉ संतोष साहू, विशिष्ट अतिथि दीपक ठाकुर, रामचंद साहू, रामाधार शर्मा, सुरेश धुर्वे, विनय शर्मा, दिनेश पाण्डेय, उपसरपंच, पंचगण, पालकगण उपस्थित थें। वहीं संकुल प्राचार्य सुकीलराम साहू को अर्ध-वार्षिकीय आयु पूर्णकर सेवानिवृत होने पर पूरे संकुल परिवार कोलेगांव द्वारा श्रीफल एवं शाल भेंटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही कक्षा 5वीं, 8वीं, कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों का मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं के विद्यार्थी आनंद साहू ने सत्र 2023-24 में 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जिला में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, जिससे कोलेगांव व आसपास क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। वहीं अंत में संकुल प्राचार्य संतोष कुमार डहरिया ने विद्यालय का प्रतिवेदन पढ़कर आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बैगलेस-डे पर छात्राओं ने सीखी व्यवहारिक शिक्षा, किया पौधारोपण एवं शासकीय संस्थानों का भ्रमण



■ छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और इस दिन को प्रेरणादायक बताया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बैगलेस-डे का आयोजन गत दिनों बुधवार को अभ्युदय स्कूल कवर्धा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन विद्यार्थियों को पुस्तकों और बैग के बोझ से मुक्त कर व्यवहारिक शिक्षा, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक सरोकारों से जोड़ा गया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण अभियान से किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 8वीं तक के छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिषर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साथ ही पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और पेड़ का नाम बताएं। जिसमें कक्षा 6वीं के छात्राओं ने विभिन्न पेड़-पौधों के नाम, उपयोग और उनके पर्यावरणीय महत्व को जाना। यह गतिविधि पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ाने में सहायक रही। वहीं कक्षा 7वीं के छात्राओं ने नगर पालिका कार्यालय कवर्धा का भ्रमण कर छात्रों ने स्थानीय शासन, सफाई व्यवस्था, जल-निकासी और कचरा प्रबंधन की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से जाना और कक्षा आठवीं के सभी छात्राओ ने जिला पंचायत कार्यालय कवर्धा का दौराकर ग्रामीण विकास योजनाओं, लोक कल्याण कार्यों और शासकीय तंत्र की जानकारी प्राप्त की। कक्षा 6से8वीं के छात्र छात्राओं को किशोरावस्था और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम पर एक जागरूकता सत्र में भाग लेने का अवसर मिला। सत्र का संचालन नितिन श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जिन्होंने छात्रों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और इस दिन को प्रेरणादायक बताया। विद्यालय के अकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास, व्यवहारिक ज्ञान और सामाजिक जिम्मेदारी हेतु अत्यंत आवश्यक हैं इससे न केवल पुस्तकीय ज्ञान से इतर सीखने का अवसर मिला, बल्कि उन्होंने प्रशासन, पर्यावरण और नागरिक जिम्मेदारी से भी गहरा जुड़ाव अनुभव किया।

# पाण्डातराई महाविद्यालय पहुंच मार्ग छोटी-बड़ी दुर्घटना को दे रहा न्योता

## कॉलेज पहुंचे मार्ग अत्यंत दयनीय, छात्र-छात्राएं परेशान





हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई स्थित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई कॉलेज पहुंच मार्ग अत्यंत दयनीय, जर्जर व बदहाल होने के कारण विद्यार्थियों को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद अब विद्यार्थी कॉलेज पहुंचने में संकोच कर रहे है। क्योंकि नगर के महाविद्यालय तक पहुंचने का कोई उचित मार्ग नहीं होने के कारण जर्जर व जलभराव की स्थिति निर्मित होने से विद्यार्थी पैदल चलने मजबूर हैं। मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे निर्माण कार्य के समय महाविद्यालय पहुंच मार्ग की खुदाई कर दी गई थी, हालांकि उस समय छात्र छात्राओ को थोड़ी तकलीफ उठाकर कॉलेज पहुंचते थें। लेकिन वर्तमान समय में बरसात का मौसम सड़क में जलभराव व महाविद्यालय पहुंच मार्ग का हाल-बेहाल बद-से-बदतर होने से भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कई बार शासन-प्रशासन व जिम्मेदारों को शिकवा शिकायत व ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी सड़क की स्थिति जस के तस है। वहीं जल्द से जल्द सड़क मार्ग का निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि छात्र छात्राओं को सुविधा मिल सकें।

### विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ व छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त

विद्यार्थी परिषद के नगर सह मंत्री वीरेंद्र बघेल ने बताया कि महाविद्यालय पहुंच मार्ग की सुधार कार्य नही होने से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं व विद्यार्थियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं छात्र नेता तुलसी यादव ने बताया कि जल्द ही कॉलेज पहुंचे मार्ग का निर्माण नहीं किया जाता है तो विद्यार्थी परिषद बड़ी संख्या में नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेगी, जिसके उक्त जिम्मेदार शासन-प्रशासन की होंगी।

# पौनी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पौनी मे शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया तत्पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियो को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया वहीं पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिनेश कोसरिया ने प्रवेश उत्सव के माध्यम से हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने और शाला अप्रवेशी दर को शून्य करने के लिए अपील की। पढ़ाई करने से प्रधान पाठक रामभाऊ जायसवाल ने बताया कि हम सभी का कर्तव्य है कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। उपसरपंच साहेब लाल ठाकुर ने नव प्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा कि शिक्षा हमारे जीवन स्तर को सुधारता है और शिक्षा से ही हमारी पहचान बनती है। इस अवसर पर शिक्षक नवीन जायसवाल, साहेब लाल साहू, राजेश साहू, तिहारी साहू एवं पालक गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की सराहनीय पहल




**हरिभूमि कोलेगांव।** भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन छत्तीसगढ़ अपने नि:शुल्क व नि:स्वार्थ भाव और मानवता सेवा के लिए जाने जाते हैं। छत्तीसगढ़ के जाने-माने देव स्थान भोरमदेव बाबा के शुभ नाम से शुरूआत किया गया हैं और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के कल्याण व आदिवासी कलाकारी को बढ़ावा देने के लिए और चितेरे शब्द मध्य प्रदेश के जाने माने शिक्षक अभिष स्वामी ने बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा के लिए लिखा एक रचना था। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला नेवारी, संकुल नेवारी मे देश-भक्ति पर स्कूल की दिवारे सज-धज रही है और बात करे मिशन सिंदुर का तो भारत माता के दो बहादुर बेटीयों की खुबसूरत पेंटिग बनाकर देश भक्ति का भाव करने का काम कर रही हैं। भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन अपना विस्तार मध्य प्रदेश, झारखंड और उड़ीसा में स्थापित कर चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलग-अलग जिलो में जैसे रायपुर में लता साहू मसहुर चित्रकार, बिलासपुर में शिवम पटेल, कबीरधाम में लीलाधर नेताम में स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम और दिवाल लेखन के जरिये पानी बचाओ, प्लास्टिक रोकथाम पर नारा लेखन हो रहे हैं और चितेरे फाउंडेशन की डारेक्टर व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने सैकड़ो स्कूलों में नि:शुल्क समर कैंप में नि:शुल्क पेंटिग प्रशिक्षण में देते आ रहे है अपने कमाई के 20 प्रतिशत बच्चों की शिक्षा मे लगाते हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरघाम**

-: ईश्तहार :-

अ/2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नम्बर.......................
क्रमांक /1694/अ.वि.अ./ प्रवा- 2/2025
कवर्धा, दिनांक 30/06/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगण कवर्धा को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका रिंकी अग्रवाल पति पंकज अग्रवाल, निवास का पता-रायपुर रोड कवर्धा, तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.नं.13 रा.नि.म. कवर्धा तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 860/9 रकबा 0.014 हेक्टेयर भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया हैं।

उक्त आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 14/07/2025 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक - 30.06.2025
पेशी तिथि - 14.07.2025

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कवर्धा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरघाम**

-: ईश्तहार :-

अ/2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नम्बर.......................
क्रमांक /1694/अ.वि.अ./ प्रवा- 2/2025
कवर्धा, दिनांक 30/06/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगण कवर्धा को सूचित किया जाता है, कि आवेदक पंकज अग्रवाल पिता स्व. भागवत प्रसाद अग्रवाल, निवास का पता-रायपुर रोड कवर्धा, तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.नं.0-13 रा.नि.म. कवर्धा तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 860/3 रकबा 0.014 हेक्टेयर भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया हैं।

उक्त आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 14/07/2025 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक - 30.06.2025
पेशी तिथि - 14.07.2025

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कवर्धा

## कुण्डा मंडल में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयारी के लिए विस्तृत परिचर्चा की गई

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के पंडरिया आगमन को लेकर भाजपा मण्डल कुण्डा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार गठन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रथम पंडरिया आगमन को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के दिशा-निर्देश पर मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्ग दर्शन व बैठक प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीताराम साहू के उपस्थिति में कुण्डा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के आगमन को सफल बनाने के संदर्भ में रूप रेखा तैयार की लिए विस्तृत परिचर्चा की गई। इस कार्यक्रम में विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित पांच निःशुल्क बसों का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा हरि झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा 6 जुलाई रविवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्पीकर डॉ रमन सिंह का सुबह 11:00 बजे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर पंडरिया में आगमन होगा। साथ ही क्षेत्र की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए महतारी अलंकरण सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित करेंगे, इसके साथ पंडरिया विधानसभा अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर पंडरिया वासियों को विकास कार्यों की सौगात देंगे। विधायक श्रीमती बोहरा की अध्यक्षता और लोकनिर्माण विभाग जिला कबीरधाम द्वारा आयोजित वाले इस कार्यक्रम उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में जिला मंत्री ओम यदु, सुरेश दुबे, रामाधार शर्मा, रामकुमार चंद्राकर, दिनेश मिश्रा, महेंद्र धृतलहरे, हरेकृष्ण शुक्ला, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, अमन खनूजा, गीताराम साहू, कृष्णा चंद्राकर, ध्वजाराम चंद्राकर, सेवाराम कुर्रे, मनोज ठाकुर, सूरज यादव, अश्वनी यदु, परमेश्वर साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, नरेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित थे।

## श्रीमद्भावत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्म नगरी कबीरधाम के पावन धरा में करुणा निधि दास महराज भक्त श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन श्रीवास परिवार में 29 जून से 06 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। जिसमें कथा में झाकियों के साथ, संगीत के वृतांत महराज द्वारा कथा रसपान कराया जा रहा है। वहीं मुख्य यजमान श्रीमती संतोषी अश्वनी श्रीवास वितराज मान है, बताया कि वर्षा ऋतु के पावन अवसर पर कचहरी पारा में शहरवासियों को श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सुनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वहीं प्रतिदिन अलग-अलग लीलाओं का वर्णन श्री व्यास मुख से किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## भोरमदेव पदयात्रा के लिए कलेक्टर की अपील



**कवर्धा।** सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के नागरिकों को न्यौता दिया है। कलेक्टर ने कहा है कि प्रिय नागरिकगण, जैसा कि आपको विदित ही है कि सावन माह के प्रथम सोमवार को प्रतिवर्ष कवर्धा शहर के प्रसिद्ध बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव शिव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले के समस्त नागरिकों द्वारा भाग लिया जाता है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगा। आप समस्त प्रिय नागरिकगणों से अपील है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिक से अधिक संख्या में इस पदयात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए सीट अलॉटमेंट

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के अधीन संचालित विभिन्न आईटीआई में प्रवेश (सत्र 2025-26 छः माही एवं एकवर्षीय व्यवसाय के लिए एवं सत्र 2025-27 द्विवर्षीय व्यवसाय के लिए) सीट अलॉटमेंट हो गया है। आवेदक वेबसाइट पर जाकर अपने एप्लिकेशन नंबर और पासवर्ड की सहायता से लॉगिन कर सीट चेक कर सकते है। सीट अलॉटमेंट होने की स्थिति में सीट कन्फर्म कर प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर एवं सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित आईटीआई में निर्धारित तिथियों प्रथम चरण 03 जुलाई 2025 से 06 जुलाई 2025 एवं द्वितीय चरण 11 जुलाई 2025 से 13 जुलाई 2025 में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं।

## भोरमदेव पदयात्रा को लेकर बैठक 5 को

**कवर्धा।** प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को बुढ़ा महादेव मंदिर कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।
इसकी तैयारी एवं आवश्यक व्यवस्था के संबंध में 05 जुलाई 2024 दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में उपस्थित होने के लिए कबीरधाम के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों, सर्व अध्यक्ष क्लब, संघ बोल-बम कांवडिया और कार्यालय प्रमुखों को परिपत्र जारी कर निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

**निरीक्षण:** बेतरतीब निर्माण कार्य से वार्डवासी परेशान, दुकानो तक पहुंचा बारिश का पानी

# खस्ताहाल बाईपास के गड्ढों में बैठक कर अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर के मिनीमाता चौक से होकर गुजरने वाले कवर्धा-रायपुर बाईपास की जर्जर तथा खस्ताहाल स्थिति को लेकर शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में अनोखा प्रदर्शन किया और शासन से इस बहुउपयोगी बाईपास का जल्द से जल्द नवीनीकरण कराए जाने की मांग की।

गौरतलब है कि वर्षो पूर्व निर्मित कवर्धा-रायपुर बाईपास मरम्मत एवं रखरखाव के आभाव में काफी जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। स्थित ये है कि मार्ग जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं और लगातार हो रही बारिश के चलते इन गड्ढों में बारिश का पानी जमा होकर सड़क अब ताल में तब्दील हो चुकी है।

जिससे न सिर्फ इस बाईपास से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि बाईपास के अलग-बगल निवासरत लोगों और दुकानदारों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा स्थानीय लोगों ने बताया कि वे वर्षाकाल के पूर्व से इस जर्जर और खस्ताहाल मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग से करते आ रहे हैं। लेकिन मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। जिसके कारण इस वर्षाकाल में लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि इस बाईपास की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि इसमें पैदल चलना भी मुस्किल हो गया है। पूरा मार्ग कीचड़ तथा गड्ढो से पट गया है। बाईपास के किनारे दुकानों का संचालन करने वाले दुकानदारों ने बताया कि मार्ग में इतने बड़े गड्ढे हो चुके है कि किसी भारी वाहन के इन गड्ढो से होकर गुजरने पर गड्ढों में भरा बारिश का गंदा पानी उनके दुकानों तक पहुंच जाता है। इन हालातों में समझा जा सकता है कि लोगों को किस तरह की पेशानियां उठानी पड़ रही होंगी। इस गंभीर समस्या को ही लेकर शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने बाईपास में निर्मित हो चुके गड्ढों में भरे पानी में बैठकर तथा हाथो में अपनी मांग से संबंधित तख्तियां रखकर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द मार्ग निर्माण की मांग की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



**खबर व प्रदर्शन का दिखा असर**

दैनिक हरिभूमि द्वारा लोगों की समस्या से जुड़े इस विषय को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद किए गए प्रदर्शन का असर भी तत्काल देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक हरिभूमि की खबर और स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के बाद संबंधित विभाग ने तत्काल कार्यवाही करते हुए कवर्धा-रायपुर बाईपास के गड्ढों को पाट दिया है जिससे काफी हद तक लोगों को राहत मिली है।




# 32 पौवा अवैध शराब के साथ एक आरोपी किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा पुलिस द्वारा रात्रि गश्त एवं सतत निगरानी के दौरान अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में कवर्धा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कवर्धा क्षेत्र में गुप्ता पारा निवासी एक व्यक्ति द्वारा चोरी-छिपे शराब की अवैध बिक्री एवं परिवहन किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इस पर पुलिस ने सतर्कता बढ़ाते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और मुखबिर से सूचना प्राप्त सूचना के आधार पर रायपुर-राजनांदगांव बायपास तिराहा के पास आरोपी अनिल गुप्ता उर्फ पप्पू पिता दशरथ लाल गुप्ता आयु 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 14, गुप्ता पारा, कवर्धा को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास रखी गई प्लास्टिक की बोरी से 180-180 मिली क्षमता वाली सीलबंद कांच की शीशियों में भरी 32 पाव देशी प्लेन मदिरा, कुल मात्रा 5.760 बल्क लीटर, कीमत लगभग 2560 रुपए बरामद की है। शराब के संबंध में आरोपी के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 287/2025 धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला कायम कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया।

# शिक्षा के व्यावसायीकरण के विरोध में पुतला दहन

## एनएसयूआई ने किया डीईओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में निजी स्कूल संचालकों द्वारा किए जा रहे शिक्षा के व्यवसाय के खिलाफ खोले गए मोर्चा के तहत एनएसयुआई ने एक बार फिर प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित डीईओ कार्यालय के सामने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा स्कूल शिक्षा विभाग का पुतला दहन किया। इससे पूर्व एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने रैली निकाली और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस संबंध में एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष शीतेष चन्द्रवंशी तथा युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने बताया कि जिले में शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ एनएसयुआई का हप्ते भर के भीतर यह दूसरा विरोध प्रदर्शन है। इससे पूर्व एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कवर्धा नगर व जिले में संचालित निजी स्कूल संचालकों द्वारा किए जा रहे शिक्षा के व्यवसाय के तमाम साक्ष्य जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उपलब्ध कराए हैं। उन्होने बताया कि एनएसयुआई ने डीईओ को उन सभी निजी स्कूलों की सूची उपलब्ध कराई है जिनके द्वारा कवर्धा नगर के बाजार में अपने स्कूलों में चलाई जा रही निजी प्रकाशकों की मंहगी पुस्तकें तथा मनमाने ढंग से लागू किए गए ड्रेस कोड, बकायदा दुकान लगाकर बेंचे जा रहे हैं। एनएसयुआई ने इन दुकान संचालकों द्वारा पाठ्यपुस्तक तथा स्कूल कोड के मुताबिक चलाई जा रहे ड्रेस कोड की बिक्री के बाद पालकों को दी जा रही कच्ची रसीद भी डीईओ को उपलब्ध कराई गई है। जिसमें न तो कोई टैक्स की जानकारी है और न ही दुकान का पंजीयन नम्बर है। बावजूद इसके विभाग द्वारा इन दुकान संचालकों और इन्हें चलाने वाले निजी स्कूल संचालकों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसे देखते हुए शुक्रवार को एनएयुआई ने एक बार फिर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा स्कूल शिक्षा विभाग का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया है। एनएसयुआई पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इसके बाद भी अगर मांगों के अनुरूप शासन-प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूल संचालकों द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा के व्यवसाय पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयुआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे को कवर्धा के साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों प्रदेश के ख्याति प्राप्त साहित्यकार लोकप्रिय कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया, जिससे देश प्रदेश भर के साहित्यकार शोक प्रकट करते हुए उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे है, इसी क्रम में कवर्धा राजभाषा आयोग जिला समिति और कवर्धा साहित्यकार समिति से साझा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा,जिसमे सभी जिले के साहित्यकार उपस्थित होकर दुबे के चैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाल अपने अपने विचार रखते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर के वरिष्ठ साहित्यकार गणेश सोनी प्रतीक ने उनके साथ बिताए पलो को साझा किया, साहित्यकार नीरज मंजीत ने बताया सुरेन्द्र दुबे का प्रभाव अमेरिका तक था, अमेरिका में लोग छतिसगढ़िया का सम्मान करते थे इसका कारण श्री दुबे का साहित्य का विस्तार था, साहित्यकार आदित्य श्रीवास्तव ने कहा श्री दुबे न केवल साहित्यकार थे बल्कि राज्य में अमूल्य धरोहर थे जिन्हे राज्य गौरव के रूप में सदैव जाना जाएगा, साहित्यकार कौशल साहू लक्ष्य ने कहा की श्री दुबे के साथ उनका लगभग दो दशकों से रिश्ता रहा है उनका साथ उन्हें सदैव प्रेरित करता था उनका छत्तीसगढ़ भाषा के प्रति अटूट लगाव था और राज्य भाषा को लोकप्रिय करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है, संचालन कर रहे युवा साहित्यकार अभिषेक पाण्डेय ने कहा की कवर्धा से सुरेन्द्र दुबे का अत्यंत प्रेम था उनके पारिवारिक संबंध के साथ यहां के कार्यक्रम की सफलता और उनके चाहने वालों की भीड़ उन्हें अलग ही जुगाड़ प्रदान करता था, श्री दुबे प्रदेश के नए साहित्यकारों को कवि सम्मेलन और साहित्य से सदैव जोड़ते रहे और उनका चले जाना एक अपूर्णीय क्षति है जो कभी भरा नही जा सकता, साहित्यकार शिक्षक प्रेमिश शर्मा ने कहा श्री दुबे हम युवा साहित्यकारों के मार्गदर्शक थे उनका सानिध्य मिलना सदैव यादो में रहेगा, श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अनूप श्रीवास्तव, प्रबुद्ध शर्मा, अजय बांगड़े ,बृजकिशोर पाण्डेय, अजय चंद्रवंशी, सुनील गुप्ता, हरनदास मानिकपुरी, खिलेश बंजारे, सागर मानिकपुरी, अंकुर गुप्ता, परासमणी शर्मा, वीरेंद्र चंद्रवंशी, योगेंद्र दास, रोशन चंद्रवंशी एवं अन्य कवि व सायित्यकार उपस्थित थे।



## प्रवेश के लिए आवेदन अब 21 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

एमएससी में प्रवेश के लिए आवेदन अब 21 जुलाई तक आमंत्रित किए जाएंगे। इस संबंध में कॉलेज प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज रायपुर द्वारा बायोकेमेस्ट्री विभाग में संचालित एमएससी मेडिकल बायो टेक्नोलॉजी में प्रवेश को 10 विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। पहले 5 मई को प्रवेश सूचना प्रकाशित हुई थी। अब उसे 21 जुलाई किया गया है।

## आखिर कब होगा समस्या का समाधान...




**कोलेगांव। जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम** कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क का हालबेहाल, बारिश के बाद खस्ताहाल मार्ग में वाहनो का चलना हो रहा दूभर, वाहन चालक सहित यात्री व क्षेत्रवासी हलाकान, परेशान। शासन प्रशासन लोगों की समस्याओं के प्रति नहीं दिखा रही संवेदनशीलता।

## ओबीसी महासभा ने ओबीसी वर्ग की लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** ओबीसी महासभा प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम साहू के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोगों के हित एवं सर्वधन के लिए ओबीसी महासभा के द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है। कबीरधाम ईकाई के प्रदेश सचिव आनंद साहू, जिलाध्यक्ष बालाराम, उपाध्यक्ष जीवन कौशिक, महासचिव हरिश सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनगणना, 02 दिसम्बर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक जैसे ज्वलंत समस्याएं यथावत बनी हुई है उनका समाधान किए जाने, लंबित राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की गणना भी शामिल की जाने, ओबीसी समुदाय को आबादी के बराबर समानुपातीक संवैधानिक प्रतिनिधीत्व दिए जाने, ओबीसी आरक्षण में लागू क्रिमिलेयर एवं 50 प्रतिशत कैपिंग की असवैधानिक शर्तों को समाप्त किए जाने, विगत 22 वर्षो से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में अविलंब लागू किए जाने, मंडल कमीशन के सभी अनुशंसाओं को तथा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को पूर्णतः लागू किए जाने जैसे 23 बिंदुओं को शामिल किया गया है।

**जिलेवासियों से मोबाइल ऐप पर अभिमत देने की अपील, बेहतर रैंकिंग के लिए आवश्यक है जनभागीदारी**

# कबीरधाम जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 किया गया प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का आगाज हो चुका है। यह राष्ट्रीय स्तर का सर्वेक्षण 25 जून से 14 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें जिले की स्वच्छता व्यवस्था, जनभागीदारी और नागरिक प्रतिक्रिया के आधार पर देशभर में रैंकिंग तय की जाएगी। भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा यह सर्वेक्षण एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में स्वच्छता अभियान को और अधिक मजबूती देना तथा जमीनी स्तर पर इसकी प्रगति का मूल्यांकन करना है। इस सर्वेक्षण की एक विशेष बात यह है कि इसमें नागरिकों की भागीदारी को प्रमुखता दी गई है। भारत सरकार द्वारा इसके लिए विशेष मोबाइल ऐप एसएसजी 2025 तैयार किया गया है, जिसे एंड्रॉयड उपयोगकर्ता गूगल प्ले स्टोर पर एसएसजी 2025 टाइप कर आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से जिले के नागरिक अपने गांव और जिले की स्वच्छता व्यवस्था पर सीधा फीडबैक दे सकते हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर जिले की रैंकिंग को प्रभावित करेगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने जिले के सभी नागरिकों, विशेषकर ग्रामीणजनों से इस ऐप के माध्यम से अधिक से अधिक अभिमत देने की अपील की है। जिला प्रशासन ने सभी ग्रामवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस सर्वेक्षण अवधि के दौरान न केवल स्वयं स्वच्छता का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि वे गांव, गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं, व्यक्तिगत और सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करें, और स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सामुदायिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखें। इस राष्ट्रीय अभियान में जिले का प्रदर्शन तभी उत्कृष्ट हो सकता है, जब नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी से संभव है। कबीरधाम जिला प्रशासन का प्रयास है कि यह जिला स्वच्छता के क्षेत्र में भी अग्रणी रहे और देशभर में अपनी एक अलग पहचान बनाए।

# इंदौरी आंगनबाड़ी केन्द्र में धूमधाम से मनाया गया पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार इन दिनों जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा एक जागरूकता अभियान है जो बच्चे व महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देने पर केन्द्रित है। इसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण को कम करना और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार करना है । इसी कड़ी में सेक्टर इंदौरी के आंगनबाड़ी क्रमांक 03 में हितग्राहियों को पोषण की जानकारी दी गई और शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं शिशुवती माताओं का वजन व ऊंचाई का मापन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता चंद्रवंशी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण के क्षेत्र में बच्चे व उनके माताओं के लिए विशेष पोषण जागरूकता अभियान का उद्देश्य बच्चों में एनीमिया के प्रति रोकथाम, सही पोषण का प्रचार-प्रसार और स्वास्थ्य के प्रति समुदाय में जागरूक लाना है। इस दौरान महिलाओं को संतुलित आहार की महत्ता तथा डायरिया प्रबंधन, स्वस्थ्य रहने, हाथ धोने के 6 चरण के तरीके बताए गए। पोषण पखवाड़ा के तहत गांव के घरों की दीवारों में पोषण से संबंधित नारा लेखन भी किया गया। कार्यक्रम में कुमत चंद्रवंशी, गीता सिन्हा, सरिता चंद्रवंशी, सुरेखा साहू सहित गांव की महिलाएं तथा बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

